विधान परिषद के प्रथम सत्र, 2025 के प्रथम शुक्रवार हेतु निर्धारित श्री अनूप कुमार गुप्ता, मा0 सदस्य विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न सं0-09 का उत्तरालेख।

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 9 (क) क्या मुख्य मंत्री बतायेंगें कि प्रश्नकर्ता का पत्र संख्या -282 बीजेपी यूपी-2024 दिनांक 16/10/2024 जो कि ग्राम पंडली बाजे थाना भगतपुर , तह० व जनपद मुरादाबाद , उ०प्र० की भूमि गाटा सं० - 179 रकबा -0.081 पर कमरूल बाबू , रियाजुल पुत्रगण शब्बीर हुसैन द्वारा किए गए अवैध कब्जे को हटवाकर दबंगों पर कार्यवाही कर कब्जा दिलाये जाने के सम्बन्ध में था, कब प्राप्त हुआ? | पत्र संख्या-282 बीजेपी यूपी-2024 दिनांक 16.10.2024 तहसील मुख्यालय पर दिनांक 07.12.2024 को प्राप्त हुआ। |
| (ख) उक्त पत्र के मुख्य बिन्दु क्या थे? | उक्त पत्र श्री जयपाल सिंह पुत्र श्री हेमराज सिंह नि० ग्राम पाडली बाजे, थाना भगतपुर, तहसील व जनपद मुरादाबाद के ग्राम पतुपुरा में स्थित गाटा संख्या-179 रकबा 0.081 हे0 पर कमरूल बाबू, रियाजुल पुत्रगण शब्बीर हुसैन निवासीगण खैरखाता, तहसील व जनपद मुरादाबाद द्वारा मेड़ काटकर जबरदस्ती अपने खेत में मिलाकर अवैध कब्जा कर लिये जाने के दृष्टिगत उक्त गाटे पर किए गए अवैध कब्जे को हटवाकर दबंगों पर कार्यवाही कर कब्जा दिलाये जाने के सम्बन्ध में है। |
| (ग) क्या गाटा सं0-179 से दबंगों का अवैध कब्जा हटवा दिया गया? | जी हां। गाटा संख्या-179 रकबा 0.081 हे० पर खड़ी गन्ने व गेहूं फसल को कमरूल बाबू, रियाजुल पुत्रगण शब्बीर हुसैन निवासीगण खैरखाता, तहसील व जनपद मुरादाबाद द्वारा दिनांक 15.02.2025 को स्वयं काटकर कब्जा छोड़ दिया गया है। |
| (घ) यदि हाँ, तो कब? | उपर्युक्तानुसार। |
| (ड) यदि नहीं तो सरकार दबंगों का भूमि से अवैध कब्जा कब हटवायेगी? | उपर्युक्तानुसार। |

योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री, उ0प्र0।